# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2022/10880 दिनांक : 8/11/2022

## –:: अधिसूचना ::–

सत्र **2022–2023** में नवीन प्रवेशित **बी.एड., एम.एड., बी.एड.स्पेशल एज्यूकेशन, बी.ए.बी.एड., बी.एससी. बी.एड., बी.एड.–एम.एड. एकीकृत पाठ्क्रम,** पाठ्यक्रम के समस्त विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन नामांकन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित तिथियॉ घोषित की जाती है । विद्यार्थी अध्ययनशाला/महाविद्यालय से उनका ऑनलाइन नामांकन आवेदन अनुमोदित होने के पश्चात ही संबंधित परीक्षा का आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें।

**( ऑन लाइन नामांकन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु तिथियॉ निम्नानुसार है :–)**

**(1) बिना विलम्ब शुल्क ऑनलाइन नामांकन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

10 नवम्बर, 2022 से 05 दिसम्बर, 2022 तक''

**(2) विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

''दिनांक 06 दिसम्बर, 2022 से परीक्षा प्रारंभ होने के दो दिवस पूर्व तक''

**नामांकन आवेदन पत्र जमा करने संबंधि दिशा निर्देश :–**

1) प्रथम सेमेस्टर विद्यार्थी को प्रवेश के समय (Admission Application ID & Date Of Birth) को प्रविष्ठ करने पर ही ऑनलाइन नामांकन आवेदन कर सकेगें।

2) विद्यार्थी एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से नामांकन शुल्क अधिकृत क्योस्क सेंटरों में जमा करेंगें।

3) अध्ययनशाला/महाविद्यालय प्रतिदिन नामांकन आवेदन अप्रूव करें एवं अंतिम तिथियों की प्रतीक्षा ना करें तथा अविलम्ब नामांकन आवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

4) उपरोक्त नामांकन आवेदन पत्र समस्त आवश्यक कार्यवाही के साथ अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के **परीक्षा विभाग में जमा करावें।**

05) महाविद्यालय/अध्ययनशाला नियमित छात्र–छात्राओं का नामांकन अनुमोदित करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि छात्र/छात्रा के द्वारा प्रवेशित पाठ्यक्रम की पात्रता हेतु ऑनलाइन आवेदन किया है अथवा नहीं।

**आदेशानुसार**

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**

क्रमांक/परीक्षा/2022/10881 दिनांक : 8/11/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक/विभागाध्यक्ष संबंधित संस्थान/ उज्जैन की ओर भेजकर निवेदनहैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/अध्ययनशाला के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .......... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)**